## खुद को बदला, अब दूसरों का जीवन बदल रही रूबिना

### स्वसहायता समूह से ऋण लेकर बढ़ाया किराना व्यवसाय, अब ग्राम संगठन की सचिव बनकर दूसरों को कर रहीं प्रेरित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन छिन्दवाड़ा द्वारा जिले में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे है।

इसी मिशन के प्रयासों का उदाहरण हैं विकासखंड मोहखेड़ की निवासी रुबिना खान के आत्मनिर्भर बनने की कहानी। 12वीं तक शिक्षित रुबिना एक साधारण ग्रहणी थीं। उनकी पारिवारिक स्थिति अत्यंत दयनीय थी। पति शेख फिरोज छोटी सी किराना दुकान चलाते थे लेकिन पूंजी के अभाव में व्यवसाय का विस्तार नहीं हो पा रहा था। बच्चों की शिक्षा और परिवार के अन्य आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल हो रहा था। आर्थिक तंगी ने उनकी जिंदगी को चुनौतीपूर्ण बना दिया था।

31 जुलाई 2019 को रुबिना ने म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत अरजान स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन को नया मोड़ दिया। 10,000 रुपये के पहले ऋण से उन्होंने अपने



किराना व्यवसाय का विस्तार किया। इसके बाद सामुदायिक निवेश निधि और बैंक लिंकेज के माध्यम से क्रमश: 1,00,000 रुपये का ऋण प्राप्त कर उन्होंने अपने व्यवसाय को स्थिर और लाभकारी बनाया।

आर्थिक और सामाजिक बदलाव रुबिना की मासिक आय जो पहले मात्र 6,000 रुपये थी, अब 12,000 रुपये हो चुकी है। परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ-साथ उनका आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान भी मजबूत हुई। आज वह ग्राम संगठन की सचिव के रूप में 22 समूहों से 258 परिवारों को जोड़ने का कार्य कर रही हैं। उनकी प्रेरणा से कई महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बढ़ रही हैं।

जो अपने हालातों से लड़कर आगे बढ़ते हैं वही लोग दुनिया को नई राह दिखाते हैं

रुबिना खान की यह कहानी यह प्रमाणित करती है कि दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन के साथ किसी भी चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने उनके जैसी अनेक महिलाओं को मंच प्रदान कर उनके जीवन को नई दिशा दी है।

इस तरह से रूबिना ने आजीविका मिशन से जुड़कर जहां स्वयं को सक्षम बनाया तो वहीं अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया आज रूबिना अपना परिवार की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में पूरी तरह से सक्षम है और उसे किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो रही है।

## सांसद ने इलाज के लिए दो लोगों को दी आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के इलाज के लिए लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

सांसद के प्रयास से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के मोहखेड़ तहसील के अंतर्गत लिंगा के वार्ड 2 निवासी सुधाकर कराड़े पिता भाऊराव कराड़े को स्वेच्छानुदान मद से 40 हजार वहीं श्रीमती चांदनी अहिरवार पति नवनीत अहिरवार निवासी वार्ड क्रमांक 15 छिंदवाड़ा को 35 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

आर्थिक सहायता मिलने से गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों का प्राइवेट अस्पताल में इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर परिजनों ने मुख्यमंत्री और सांसद का आभार व्यक्त किया है।

## सात गांवों को स्ट्रीट लाइट प्रदान की

**गाडरवारा, देशबन्धु।** एनटीपीसी गाडरवारा की परियोजना से प्रभावित सभी 7 गांवों में नैगम सामाजिक दायित्व-सीएसआर के अंतर्गत 70 स्ट्रीट लाइट चार पंचायतों के सरपंचों को प्रदान की गई। सरपंचों द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि सभी गांवों में 10 से 15 दिनों के भीतर स्ट्रीट लाइट लगा दी जायेगी। एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा परियोजना से प्रभावित ग्राम चोरबरहेटा, डोंगरगांव, कुडारी, मेहराखेड़ा, उमरिया, गांगई तथा घाटपिपरिया में कुल 70 स्ट्रीट लाइन प्रदान की गई।

## छिन्दवाड़ा ने डिंडोरी को 205 रनों से हराया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जबलपुर के एमपीसीए क्रिकेट ग्राउंड पर चल रही अंडर 18 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा ने डिंडोरी को 205 रनों से हराया

छिंदवाड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट पर 269 रन बनाए। जिसमे सेजल भादे ने 92 आर्यन शर्मा ने 70 व निखिल चोखे ने 50 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी डिंडोरी मात्र 64 रनों पर आल आउट हो गयी।

छिंदवाड़ा के गेंदबाज युग डेहरिया ने 5 व पुष्कर विश्वकर्मा ने 4 व वेदांत जंघेला ने 1 विकेट लिए। छिंदवाड़ा ने मैच 205 रनों से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। छिंदवाड़ा का सेमीफाइनल मैच आज सुबह 9 बजे से कटनी के विरुद्ध खेलेगा। इस मैच को लेकर दर्शको में काफी उल्लास है कि छिन्दवाड़ा की टीम फायनल में जगह जरूर बनाएगी साथ ही उम्मीद् जतायी है कि दोनों टीमों की स्थिति को देखते हुए मैच काफी रोमांचक होगा।

### सार-समाचार

## बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या एवं संत चिन्मय की गिरफ्तारी के विरोध में अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला न्यायालय परिसर छिंदवाड़ा में प्रैक्टिशनर अधिवक्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू, नई दिल्ली एवं राज्यपाल मंगूभाई पटेल मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौपकर अपनी बात पहुंचाई कि वर्तमान समय में बांग्लादेश में हो रहे हिंदू नरसंहार और हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार और हिंदू स्कान मंदिर के संत चिन्मय महाराज पर जबरन देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया गया और उनकी जमानत लेने गए उनके वकील को बांग्लादेशी आतंकवादियों ने मार डाला।

इन सब घटनाओं से हम सभी भारत के अधिवक्तागण आक्रोशित एवं दुखित हैं जिला छिंदवाड़ा के अधिवक्ताओं ने अपनी नाराजगी को केंद्र सरकार तक पहुंचाकर हमारे हिंदू भाई बहनों और हिंदू संतों के जीवन को सुरक्षित करें एवं बांग्लादेश सरकार पर उचित कड़ी कार्रवाई करने के लिए अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर एड. ममता नामदेव, एड. वंदना टांडेकर, एड. दीप्ति नाग, एड. मधु यादव, एड. दीपिका डेहरिया, एड. पंकज चिखलकर, एड. राकेश टांडेकर, एड. देवेंद्र वर्मा, एड. रघुराज सिंह वर्मा उर्फ राज पटेल, एड. कैलाश सोनारे, एड. सुरेंद्र झरवड़े, एड. दीनू डोंगरे सहित अन्य अधिवक्ताओं का समावेश रहा।



## खसरों से आधार लिंक करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा हल्का नंबर 47 तहसील अमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा के निम्न भूखंड धारकों, भूमिधारी, कृषक, मकान धारकों को बताया गया है कि दिनांक 30 नवंबर शनिवार तक अपने-अपने खसरों को अनिवार्ये रूप से आधार से लिंक करना है। जिसमें आधार कार्ड व आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, भूमि व मकान प्लाट की पाबती लेकर सीएससी सेंटर में जाकर व कियोस्क ऑनलाइन करने वाले व्यक्तियों से संपर्क कर खसरों से आधार लिंक करावे। किसी भी सीएससी सेंटर व एमपी ऑनलाइन की दुकान में जाकर करा सकते हैं। उक्त तिथि तक नहीं करने की दशा मे शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पेंशन, खाद्यान राशन, लाडली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी शासन की सभी योजनाओं से वंचित रहना पड़ सकता है।

## अज्ञात महिला का शव मिला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अज्ञात महिला उम्र करीबन 75 वर्ष कालीरात नदी में मृत अवस्था में मिली हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मीडिया के माध्यम से जानकारी प्रेषित कर काह है कि जो भी व्यक्ति उक्त महिला को पहचानता हो थाना मोहखेड चौकी उमरानाला को संपर्क करें कर महिला के संबंध में जानकारी दे सकता है।

## बैगा हितग्राहियों को दुधारू पशुधन भैंस इकाई व स्वीकृति पत्रक का वितरण आज

**अनूपपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजनांतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा हितग्राहियों को दुधारू पशुधन भैंस इकाई व स्वीकृति पत्रक का वितरण कार्यक्रम विकासखंड कोतमा के ग्राम पंचायत सारंगगढ़ में 29 नवम्बर को प्रात: 11.30 बजे से आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग अनूपपुर के उप संचालक डॉ. बी.बी. चौधरी ने बताया है कि कार्यक्रम में म.प्र. शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## मड़ई मेला पर ग्राम विनेकी में इनामी दंगल का आयोजन

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** विकासखंड के ग्राम विनेकी में मड़ई मेला के अवसर पर विशाल इनामी दंगल का आयोजन विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिसमें छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल, नरसिंहपुर सहित महाराष्ट्र से आए पहलवानों ने कुश्ती कला का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा ने कहा कि मढ़ई मेला के आयोजन से हमारी संस्कृति एवं परंपरा बरकरार है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता बढ़ती है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह की ओर से दंगल आयोजन समिति को 5000 की नगद राशि समिति को प्रदान की गई। वहीं दंगल में शिवा पहलवान विनोद पहलवान रामफल पहलवान अर्जुन पहलवान शिव शंकर पहलवान राजेश पहलवान संजू पहलवान का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। यहां निर्णायक की भूमिका राकेश सूर्यवंशी ने निभाई।



## आखिर पिंजरे में फंस ही गया तेंदुआ



### पूर्व छिन्दवाड़ा वन मंडल के अमले ने काराबोह बीट में तेंदुए को रेस्क्यू कर पकड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व छिंदवाड़ा वनमण्डल के परिक्षेत्र छिंदवाड़ा अंतर्गत बीट काराबोह के समीप भा.व.अ.शि.प. कौशल विकाश केन्द्र छिन्दवाडा में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा उनके कैम्पस में वन्यप्राणी तेंदुआ को विचरण करते हुये 19 नवम्बर 24 की शाम को देखा गया था।

उसकी सूचना प्राप्त होने के पश्चात मधु व्ही राज, वनसंरक्षक वन वृत्त छिंदवाड़ा एवं बृजेन्द्र श्रीवास्तव वनमण्डलाधिकारी पूर्व छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र छिंदवाड़ा के तीन गस्ती दल द्वारा तेंदु की सतत निगरानी की गई। साथ ही ट्रैप कैमरा व पिंजरे लगाये गए। लगाए गए पिंजरों के माध्यम से आज 28 नवम्बर 24 को प्रात: नर तेंदुआ जिसकी उम्र लगभग 5-6 वर्ष है, पकड़ लिया गया हैं।

उसे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तथा वन विभाग की निर्धारित प्रक्रिया के तहत रेस्क्यू कर पेंच टाइगर रिजर्व की जमतरा परिक्षेत्र के वन क्षेत्र में विमुक्त किया जा रहा है। वन विभाग की इस कार्यवाही से क्षेत्र के ग्रामीणों ने वन अमले को साधुवाद दिया है।

## पीजी कॉलेज में महान समाज सुधारक ज्योतिबा फले की पुण्यतिथि मनाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा के संरक्षण में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंशाराम उईके, प्रो. महेंद्र साहू व महिला ईकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी के मार्गदर्शन में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई जिसमें स्वयंसेवकों ने समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वल किया।



इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो महेंद्र साहू ने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि ज्योतिबा फुले एक महान विचारक व समाजसेवी, सत्य शोधक समाज के प्रवर्तक, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे फुले जी ने शोषितों को अनादि परब्रह्म की जीवित कृति के रूप में न केवल स्वीकार किया, अपितु इनके अभ्युदय के लिए आजीवन कार्य करते रहे वे सदा नारी शिक्षा एवं वंचितों के उत्कर्ष के लिए समर्पित रहे। महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी ने कहा कि ज्योतिबा फुले का मानना था कि उच्च शिक्षा में दी जाने वाली शिक्षा का स्वरूप सर्वसाधारण जीवन की जरूरतें पूरी कर सके ऐसा नहीं है उसमे व्यावहारिकता की कमी है।

## डेनियलसन डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रव्यापी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया भोपाल द्वारा किया गया था जिसमें टॉप 90 टीम में स्टेट लेवल पर राजा शंकर शाह यूनिवर्सिटी से सम्बद्धता प्राप्त डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिन्दवाड़ा की छात्रा दीपा मालवीय बी.एस.सी. तृतीय वर्ष एवं दीपांशु पराड़कर बी.सी.ए. तृतीय वर्ष ने सहभागिता कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

प्राचार्य श्रीमती स्मृति हाबिल एवं टीम मेनेजर रानी साहू सहित समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।




## अमरवाड़ा में बनेंगी साढ़े आठ करोड़ की तीन नई सड़के

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** विधानसभा अमरवाड़ा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से लंबित सड़क निर्माण की स्वीकृति विधायक राजा कमलेश शाह ने लगातार प्रयास कर पीडब्ल्यूडी मंत्री और ज़िले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से करायी है।

भाजपा नेता नितिन तिवारी ने बताया कि आठ करोड़ पचास लाख रुपये की लागत से तीन नयी सड़के लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत की गई है। इन सड़को के निर्माण की माँग वर्षों से ग्रामवासी कर रहे थे। स्वीकृत सड़को में अमरवाड़ा विकासखंड के ग्राम पौनार से धसनवाडा 3.90 किलोमीटर लागत चार करोड़ पंद्रह लाख ग्राम बाँका मुकासा से पलटवाड़ा 3.10 किलोमीटर लागत तीन करोड़ छियासी लाख ग्राम भाजीपानी से सिवनी ज़िला सीमा मार्ग 1.50 किलोमीटर लागत एक करोड़ तिरासी लाख का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

विधायक कमलेश शाह इन सड़को की स्वीकृति दिलाने मुख्यमंत्री एवम् पीडब्ल्यूडी मंत्री से बार बार मिलकर लगातार प्रयासरत रहे। जिससे क्षेत्र को करोड़ों की सड़को की सौगात मिली है।

सड़क निर्माण स्वीकृति हेतु भाजपा ज़िला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति तिवारी, जनपद अध्यक्ष गणेश कंगाली, विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा, मण्डल अध्यक्ष सोनू सरस्वार, विनोद चंद्रवंशी, शैलेंद्र पटेल, विनोद चौरसिया, सुरेश साहू, योगेश यादव, डॉ. उमेश शर्मा सहित भाजपा नेताओ ने विधायक राजा कमलेश शाह सांसद विवेक साहू, प्रभारी मंत्री राकेश सिंह का आभार माना है।

## मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संजीव कपाले एवं संभागीय निरीक्षन समिति अध्यक्ष दीपक सावनेरे ने बताया कि मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर मध्य प्रदेश शासन वित्त का ज्ञाप क्रमांक 11 मार्च 24 नियम 4 दिनांक 18 नवम्बर 2024 का उल्लेख करते हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती आउटसोर्स से करने हेतु पत्र में उल्लेख किया गया है।

शासन के उक्त निर्णय के विरोध स्वरूप निर्णय पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है कि प्रदेश में सैकड़ो चतुर्थ श्रेणी के पद रिक्त है जिनको सीधी भर्ती से भरा जावे ना कि आउटसोर्स व्यवस्था से, पदों की पूर्ति की जावे यह भी स्थिति स्पष्ट है कि वर्तमान में विभिन्न विभागों में चतुर्थ श्रेणी के रूप में स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी, अंश कालीन कर्मचारी कार्यरत है इन्हीं कर्मचारियों में से सीधी भर्ती की व्यवस्था बनाकर पदों की पूर्ति की जावे इससे सरकार पर आर्थिक बोझ भी नहीं आएगा साथ ही वर्षों से जो सीधी भर्ती नहीं हुई है की पूर्ति के साथ-साथ शिक्षित युवा जो केवल आठवीं दसवीं उत्तीर्ण है उनको भी रोजगार का अवसर मिलेगा।

इस उद्देश्य मांग को लेकर कल 28 नवम्बर 2024 को प्रदेश के जिला कलेक्टर मुख्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव वित्त मध्य प्रदेश शासन के नाम कलेक्टर जिला छिंदवाड़ा को ज्ञापन सोपा गया।

उक्त ज्ञापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ के बालराम परतेती नारायण ढाकने काशीराम शुक्ला, किशोर सांवले, राजू काकोड़िया, कृपाराम परतेती, सगरलाल नागवंशी, महेश शर्मा, संजय कडू, लाल सिंह मालवी, विनोद मालवीय, हेमंत पाटील, राजकुमार मालवीय, कमलेश चौबीतकर, नवल किशोर महरौलिया, मोहन पाल, कमलेश तुर्के, जितेंद्र डेहरिया, महिला प्रकोष्ठ सकुन ओकटे, यशोदा बेलवंशी, नीतू ठाकुर, श्री बोबड़े, मध्यान भोजन एवं सहायता समूह एवं समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## बिछुआ में कमजोर परीक्षा परिणाम से कलेक्टर नाराज

### स्कूल शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केन्द्र जनजातीय कार्य विभाग की बैठक में बीईओ को मुख्यालय में रहने के निर्देश



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने गुरूवार को स्कूल शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केंद्र व जनजातीय कार्य विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया था, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, डीपीसी जगदीश इड़पाचे, सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग उमेश सातनकर, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एपीसी और बीआरसीसी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जिले के कई स्कूलों में 10 वीं और 12 वीं की त्रैमासिक परीक्षाओं के परिणाम खराब पाए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की। विशेषकर ट्राइबल ब्लॉक बिछुआ के अंतर्गत जनजातीय कार्य विभाग के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर का 10 वीं का त्रैमासिक परीक्षा परिणाम 64 प्रतिशत और 12 वीं का त्रैमासिक परीक्षा परिणाम 54 प्रतिशत आने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इसके साथ ही बीईओ बिछुआ के मुख्यालय में न रहने की जानकारी संज्ञान में आने पर उन्हें एक माह के अंदर मुख्यालय में ही निवास की व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिए। एक माह के बाद भी सुधार न करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को अपन-अपने मुख्यालय पर ही निवास करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि विभिन्न विषयों के अतिथि शिक्षक होने के बाद भी यदि बच्चों के ज्ञान के स्तर में सुधार नहीं आ रहा है, तो अतिथि शिक्षकों को हटाने की कार्यवाही करें। खराब प्रदर्शन करने वाले अतिथि शिक्षकों के साथ ही सभी शासकीय शिक्षक, जो अपने कार्य में लापरवाही कर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं, उन पर कार्यवाही का प्रस्ताव भेजें। यदि आपने कार्यवाही का प्रस्ताव नहीं भेजा और फील्ड में औचक निरीक्षक के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता खराब मिली तो संबंधित बीईओ, बीआरसीसी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसी तरह जिन स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षा परिणाम 10 प्रतिशत या उसके नीचे रहा है, उन सभी शिक्षकों पर कार्यवाही का प्रस्ताव भेजने के निर्देश सभी बीईओ को दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जिले के शासकीय स्कूलों के हर एक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हम सभी का कर्तव्य है। जिला प्रशासन की पहल पर कलेक्टर श्री सिंह के प्रयासों से जिले के शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जेईई/नीट परीक्षाओं के लिए तैयार करने विशेष कक्षाओं का संचालन सभी शासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में पूर्व से ही कराया जा रहा है।

इन विद्यार्थियों के लिए प्रयास कर के हिंदी में अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन के प्रयासों से एल.एन. कोचिंग इंदौर की टीम द्वारा जिले के शासकीय स्कूलों के शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए 07 और 08 दिसंबर 2024 को सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह सेमिनार छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने इसकी सूचना सभी स्कूलों के प्राचार्यों को देने और अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों और विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## स्वास्थ्य शिविर में 396 मरीजों का हुआ उपचार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर आयोजित किए जा रहे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के अंतर्गत कल 69 वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खिरैटी में सम्पन्न हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ होकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले स्वास्थ्य शिविर में आज ग्राम खिरैटी में शिविर के दौरान 425 मरीजो ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें 396 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गए 29 मरीजों को जिला



चिकित्सालय उपचार के लिए रेफर किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में प्रमुख रूप से विधायक कमलेश शाह, टीकाराम चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, बंटी इंगोले, नितिन तिवारी, दीपक नेमा, सरपंच छाया इंगोले, सनीराम चंद्रवंशी, भागवत पटेल, श्याम चंद्रवंशी अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### आज रातामाठी में लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 70 वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज ग्राम रातामाठी में आयोजित किया जाएगा।

### सार समाचार

## पांढुर्णा जिला एमपीपीएससी परीक्षा केन्द्र से वंचित, प्रशासन की चूक या छात्रों का दुर्भाग्य

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** जिले के छात्रों के लिए एक बुरी खबर है। फरवरी 2025 में आयोजित होने वाली एम.पी.पी.एस.सी. प्रारंभिक परीक्षा के लिए पांढुर्णा जिले को परीक्षा केंद्र सूची से हटा दिया गया है। इसका मुख्य कारण जिला प्रशासन द्वारा डेढ़ वर्ष में भी स्ट्रांग रूम की सुविधा नहीं बना पाना है। यह निर्णय यहां के माध्यम और गरीब वर्ग के छात्रों पर भारी पड़ेगा, जिन्हें परीक्षा देने के लिए अन्य जिलों में जाना पड़ेगा।

साल 2024 में एम.पी.पी.एस.सी. परीक्षा केंद्र पांढुर्णा के पारडी रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में था, जहां 383 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। लेकिन इस बार प्रशासनिक चूक के चलते पांढुर्णा जिले के छात्रों को अन्य जिलों का रुख करना पड़ेगा। यह कदम छात्रों के लिए न केवल आर्थिक बोझ बढ़ाएगा बल्कि उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से भी परेशान करेगा।

एम.पी.पी.एस.सी. जैसी परीक्षा छात्रों को आई.ए.एस., आई.पी.एस. और डी.एफ.ओ. जैसे बड़े पदों पर पहुंचने का मौका देती है। लेकिन अब पांढुर्णा के गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों के लिए यह सपना मुश्किल हो गया है। दूसरे जिलों में परीक्षा देने के लिए छात्रों को पहले से जाकर रुकना पड़ेगा, जिससे उनकी तैयारी और संसाधनों पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

पांढुर्णा जिला जो 2024 में मध्य प्रदेश का 55वां जिला बना, डेढ़ वर्ष में भी एक स्ट्रांग रूम की सुविधा विकसित नहीं कर सका। यह प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की बड़ी विफलता को दर्शाता है। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि जिले के नेताओं और प्रशासन का ध्यान छात्रों की शिक्षा और रोजगार के साधनों पर नहीं है।

मध्य प्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 की तिथि 16 फरवरी निर्धारित की गई है। परीक्षा का पाठ्यक्रम और योजना 2024 के अनुसार ही रहेगी। लेकिन दुर्भाग्यवश पांढुर्णा जिला इस बार परीक्षा केंद्र से बाहर कर दिया गया है। परीक्षा का विस्तृत नोटिफिकेशन जल्द ही जारी होगा, लेकिन इस निर्णय ने पांढुर्णा के छात्रों को निराश किया है।

पांढुर्णा जिले के छात्रों और अभिभावकों में इस फैसले को लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण उन्हें यह दिन देखना पड़ रहा है। यह जिले के विकास के लिए एक बड़ा झटका है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

एम.पी.पी.एस.सी. परीक्षा केंद्र की समाप्ति पांढुर्णा जिले की शिक्षा व्यवस्था और रोजगार संसाधनों के लिए एक बड़ा झटका है। यह समय है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारियों को समझें और जिले के विकास और छात्रों के भविष्य के लिए ठोस कदम उठाएं।

**इनका कहना है**

मैंने शिक्षा और वित्त मंत्री से मिलकर इस विषय पर पत्र व्यवहार किया था, लेकिन शासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अब इसका खामियाजा पांढुर्णा के विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। वर्तमान सत्ताधारी नेताओं ने भी इस दिशा में कोई पहल नहीं की।

मारोतराव खवसे,
पूर्व विधायक पांढुर्णा

## जिले में गिरा पारा, बढ़ी ठंड

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में अब ठण्ड बढ़ गई है जहां न्यूतम तापमान में 10 से 14 डिग्री के मध्यम बना हुआ है जिससे रात्रि में अत्याधिक ठण्ड पड़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एडवायजरी जारी कर वृद्धजनों से ठण्ड से बचने की अपील की है तथा कहा है कि वे अपने कान बांधकर रखे एवं गरम कपड़े अवश्य पहने ताकि ठण्ड से होने वाली परेशानी से बचा जा सके।

## बच्चों ने दिखाया हुनर, बनाये चित्र

**गोटेगांव, देशबन्धु।** मुंगवानी और थाना ठेमी क्षेत्र में संविधान दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में संविधान के प्रति जागरूकता और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और कला का अद्भुत प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर किया गया, जिसमें छात्रों की कलाकृतियों का मूल्यांकन एक विशेष टीम द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल ने बच्चों के चित्रों का आकलन कर उन्हें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर चयनित किया।

सीएम राइज विद्यालय की छात्रा धनवती मेहरा ने अपनी उत्कृष्ट कला के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त किया। करकबेल ठेमी की ओजस्वी नेमा ने अपनी सृजनात्मकता के दम पर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि मुंगवानी की मुस्कान ठाकुर ने अपने प्रभावशाली चित्र से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में गोटेगांव एसडीओपी भावना मरावी, थाना प्रभारी प्रदीप सराफ, और प्राचार्य ठाकुर निरंजन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ आयोजन में गठित थीम और शिक्षकों की टीम ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

## माली समाज ने मनाई ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** माली समाज छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष भाऊराव चरपे के नेतृत्व में कल 28 नवम्बर 2024 दिन गुरूवार को समाज के संत शिरोमणि ज्योतिबा फुले की 134 वीं पुण्यतिथि समाज भवन बरारीपुरा में मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले के समाज सुधार कार्य को पदाधिकारियों ने बताया।

इस कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष भाऊराव चरपे, हरिभाऊ वाडबुदे, देवानंद निकाजू, संजय दास, विजय घोरसे, सत्येन्द्र सेमेकार, नामदेव सरोदे, प्रभाकर आलोनकर, ज्ञानेश्वर कनेरे सहित अन्य सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आधुनिक तरीके से उद्यानिकी फसलों की खेती से लखपति बने कृषक शरद नागरे



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक तरीके से खेती कर जिले के कृषकों ने खेती को लाभ का व्यवसाय बना दिया है। छिंदवाड़ा जिले के बिछुआ विकासखंड के ग्राम झामटा के कृषक शरद नागरे पिता श्रीराम नागरे भी आधुनिक तारीकों से उद्यानिकी फसलों का उत्पादन कर लखपति बन गए हैं।

कृषक श्री नागरे एक समय पारंपरिक खेती के तरीकों का पालन करते थे। ट्रैक्टर, कार और अन्य आधुनिक कृषि यंत्रों से दूर वह सदियों से चली आ रही खेती की विधियों का उपयोग करते थे। परन्तु उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन से जिन्होंने किसानों को आधुनिक खेती के तरीकों के बारे में बताया और टमाटर, बैंगन, लहसुन, खीरा, लौकी जैसी उद्यानिकी फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित किया। शरद नागरे ने अधिकारियों के मार्गदर्शन और सलाह से अपनी ज़मीन पर टमाटर, बैंगन, लहसुन, ककड़ी, लौकी आदि की खेती शुरू कर दी।

शुरुआत में शरद नागरे को थोड़ी मुश्किल हुई, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने आधुनिक खेती के तरीकों को सीख लिया। वे अपने 4 हेक्टर रकबा में उद्यानिकी फसल उगाते हैं। कुआँ एवं ट्यूबवेल की सुविधा भी उपलब्ध है।

उन्होंने खाद, बीज और सिंचाई के नए तरीकों का इस्तेमाल करना शुरू किया। ट्रेक्टर और रोटावेटर उपयोग में लाये। विभाग से मलचिंग की सुबिधा का लाभ लिया। जिसमें उन्हें 16,000 का अनुदान प्राप्त हुआ। कुछ ही समय में उनकी फसल अच्छी होने लगी और उन्हें बाज़ार में अच्छा दाम मिला।

आधुनिक खेती के कारण शरद नागरे की आय में काफी वृद्धि हुई। अब वह सालाना 10-15 लाख रुपये तक की कमाई कर लेते हैं। इस आय से वह अपनी जरूरतों के साथ-साथ अपने बच्चों की पढ़ाई और घर का खर्च भी आसानी से उठा लेते हैं। शरद नागरे की सफलता को देखकर गांव के अन्य किसानों ने भी आधुनिक खेती अपनानी शुरू कर दी है। श्री नागरे ने बताया कि अब वे आर्थिक रूप से मजबूत हुए है।

## गुरैया में निकली पालकी एवं मंगल कलश यात्रा, पूरे देश से शामिल हुए जैन बंधु



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गुरैया में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन भव्य जिनवाणी पालकी एवं मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें पूरे देश से पधारे त्यागी व्रती साधकगण, श्रेष्ठीजनों सहित हजारों गुरुभक्त जैन बंधुओं ने सम्मिलित होकर जिनशासन की मंगल प्रभावना की।

महोत्सव का शुभारंभ समवशरण मंडप शुद्धात्म नगरी में मंदिर विधि कर दान प्रभावना से किया गया, जिसमें विविध सौभाग्यशाली परिवारों को सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ, जो स्वर्णमय मंगल कलश के साथ स्वर्ण ध्वजा लेकर रथ पर विराजमान हुए और विशाल शौभायात्रा के साथ नगर का भ्रमण कर दोनों चैत्यालय पहुंचे जहां प्रतिष्ठाचार्य महोदय ने विधि विधान पूर्वक मनोहारी वेदी एवं शिखर पर विराजमान कराया गया। शोभायात्रा का गुरैया वासियों ने जगह जगह आत्मीय अभिनंदन किया।

महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि नवीन चैत्यालय के मुख्य शिखर पर कलशारोहण करने का सौभाग्य श्रीमती विजयरानी चम्पालाल जैन की स्मृति में प्रमोदकुमार, यमनकुमार एवं नेमिश जैन परिवार को प्राप्त हुआ। धर्म ध्वजारोहण करने का सौभाग्य भारतलाल राजकुमार जैन की स्मृति में श्रीमती निर्मला जैन एवं उनकी सुपुत्री रूही एवं रेशु को प्राप्त हुआ।

बड़े मंदिर के शिखर पर कलश रोहण का सौभाग्य समायरा, शुभम के जन्म दिवस पर शुभ्रा महेशकुमार जैन, आशारानी, रेखा, माधुरी, सचिन, सरला, सरोज, अनामिका राजेंद्र जैन परिवार को मिला एवं धर्मध्वज चंद्राबाई सवाई सेठ चुन्नीलाल जैन की स्मृति में सवाई सेठ धनकुमार चिरागकुमार जैन परिवार द्वारा विराजमान किया गया जिनके साथ अन्य सौभाग्यशाली परिवारों ने भी कलशारोहण किया।

शोभायात्रा में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, सांसद विवेक बंटी साहू की धर्मपत्नी शालनी साहू, विकास समैया खुरई, संजीव तारण भोपाल, एसडीएम सुधीर जैन, महासभा अध्यक्ष राजेंद्र पाटोदी, अभय जैन, अशोक वेद, अशोक बाकलीबाल, अरविंद कुमार जैन, सवाई स केशवचंद जैन, शीलचंद जैन भोपाल, राजेश जैन जगतसाव बिना, राकेश रायसॉब बांदा, राजेश पटेल उदयपुर सहित छिंदवाड़ा, सिवनी जिले से अन्य श्रेष्ठिजनों ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई जिनका महोत्सव समिति ने अभिनंदन किया।

महोत्सव के अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष आभाष जैन ने बताया कि आज तृतीय दिवस महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 5.30 बजे सामयिक जाप एवं प्रभात फेरी से होगा, 7 बजे से मंत्र जप, श्री तारण त्रिवेणी का पाठ, भाव पूजन मंदिर विधि, प्रवचन, 9.30 बजे से वेदी सूतन सहित अन्य।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदनगांव के बच्चों से मिले कलेक्टर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने गुरूवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदनगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। यह विद्यालय कलेक्टर श्री सिंह द्वारा गोद लिया गया है। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल भी मौजूद थे। यह दौरा विद्यालय के शैक्षिक एवं भौतिक स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से किया गया।

### विद्यार्थियों से संवाद एवं प्रश्नोत्तर सत्र

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न कक्षाओं का भ्रमण करते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने सोशल साइंस, हिंदी और गणित विषयों से संबंधित सवाल पूछकर बच्चों की शैक्षिक प्रगति का जायजा लिया। बच्चों ने अपने उत्तरों के माध्यम से अपनी समझ और तैयारी का प्रदर्शन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों को विषयों को गहराई से समझने और आत्मविश्वास के साथ उत्तर देने के लिए प्रेरित किया।

### स्थिति में सुधार और अधिक प्रयास की आवश्यकता

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि 20 सितंबर को उनके पिछले निरीक्षण के बाद विद्यालय की स्थिति में काफी सुधार देखा गया है। हालांकि उन्होंने शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को इसे और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

### गुणवत्ता शिक्षा पर जोर

कलेक्टर श्री सिंह ने शिक्षकों के साथ चर्चा करते हुए विशेष रूप से क्वालिटी एजुकेशन यानी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के प्रति झिझक को दूर करने के लिए बार-बार अभ्यास कराने और विषयों को विस्तार से समझाने की जरूरत है। शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को अच्छे नागरिक बनाने में सहायक बनें। उन्होंने निर्देश दिये कि बच्चों को सिर्फ रटाने के बजाय विषयों को समझने और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने की शिक्षा दी जाए।

### भविष्य की योजना

कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय प्रबंधन से कहा कि शिक्षा संस्थानों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को हर दृष्टि से सशक्त बनाना है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि बच्चों के भाषा कौशल और पढ़ाई में किसी प्रकार की कमी न हो।

## दलित परिवार को न्याय दिलाने जय भीम सेना ने सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जय भीम सेना, ओ.बी.सी. महासभा, जी.एस.यू. संगठन के संयुक्त तत्वाधान तहसील अमरवाड़ा ब्लॉक के राजौला ग्राम की दलित महिला की भूमि के संबंध में जिला कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपकर मांग की गयी कि राजौला ग्राम की दलित महिला धनियाबाई पति कमल अहिरवार का आरोप है कि उनकी 35 वर्ष पुरानी जमीन खसरा नंबर 680 पर खड़ी फसल लगी हुई जमीन पर बिना किसी सूचना के दो दिन पूर्व ग्राम के ही कुछ लोगों के द्वारा एवं प्रशासनिक अमला बलपूर्वक पुलिस की उपस्थिति में सैकड़ों लोगों की तादाद के साथ उक्त भूमि पर लगी गेहूँ की फसल व गोभी, आलू की फसल पर ट्रेक्टर चलाकर उक्त जमीन पर बलपूर्वक कब्जा कर लिया गया पीड़ित महिला एवं उनका परिवार दहशत मे है और उनको जानमाल का खतरा है। इस घटना की शिकायत फिर पुलिस अधीक्षक को महिला पीड़ित परिवार ने निष्पक्ष जांच करवाकर जमीन का सीमांकन कर वैधानिक कार्यवाही कर खड़ी फसल में जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई एवं उक्त पीड़ित परिवार न्याय दिलाने की मांग की हैं।

